# देश के प्रति सरदार पटेल की सेवाएं व योगदान एक चिरस्मरणीय अध्याय: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर उन्हें नमन किया और उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अल्र्पत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और ख्रतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के प्रति उनकी सेवाएं और योगदान भारतीय इतिहास का चिरस्मरणीय अध्याय हैं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का यशस्वी नेतृत्व देश को और लंबे समय तक मिलता, लेकिन पंद्रह दिसम्बर उन्नीस सौ पचास को उनके नश्वर शरीर के साथ वह अध्याय विराम पर पहुंच गया।

इसके बावजूद वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में देश सदैव लौहपुरुष को स्मरण करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म इकतीस अक्टूबर अठारह सौ पचहत्तर को गुजरात के करमसद गांव में एक सामान्य किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने परिश्रम के बल पर उच्च शिक्षा अल्र्जत की। उनका उद्देश्य विदेशी हुकूमत की नौकरी करना नहीं था, बल्कि देश और दुनिया को समझकर अपनी प्रतिभा और ऊर्जा भारत माता के चरणों में समल्र्पत करना था। आजादी के आंदोलन में उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाई, कई बार जेल की यातनाएं सहीं, लेकिन कभी विचलित नहीं हुए। देश के स्वतंत्र होने के समय उन्होंने भारत के विभाजन का पुरजोर विरोध किया और बाद में पांच सौ सड़सठ रियासतों का भारत गणराज्य में विलय कर राष्ट्रीय एकता की मजबूत नींव रखी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जूनागढ़ और हैदराबाद की रियासतें भारत में शामिल होने को तैयार नहीं थीं। अंग्रेजों द्वारा लागू की गई टू नेशन थ्योरी के तहत देसी रियासतों को विकल्प दिया गया था कि वे भारत, पाकिस्तान या स्वतंत्र अस्तित्व चुनें। अधिकांश हिदू रियासतों ने भारत के साथ आने का निर्णय लिया, लेकिन जूनागढ़ के नवाब और हैदराबाद के निजाम ने इंकार किया। सरदार पटेल की दूरदल्र्शता और सूझबूझ के कारण रक्तहीन क्रांति के माध्यम से दोनों रियासतें भारत का हिस्सा बनीं और राष्ट्र की अखंडता सुरक्षित हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के विषय में पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा लिए गए निर्णयों के कारण यह मुद्दा विवादित बना और आजादी के बाद लंबे समय तक भारत को डसता रहा। उसी क्षेत्र से उग्रवाद और अलगाववाद की चुनौतियां देश को मिलीं। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी है, जिन्होंने सरदार पटेल और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करते हुए धारा तीन सौ सत्तर को समाप्त कर 'एक देश, एक प्रधान, एक विधान और एक निशान' के संकल्प को सुख्रढ़ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गृहमंत्री के रूप में सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार, विभिन्न विवादों के समाधान के लिए तंत्र विकसित करने और भारतीय प्रशासनिक सेवा को वर्तमान स्वरूप देने जैसे अनेक ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की स्मृतियां, उनके विचार और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण प्रत्येक भारतवासी के लिए प्रेरणास्रोत हैं और देश उन्हें सदैव श्रद्धा और सम्मान के साथ याद करता रहेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, अवनीश सिंह, पवन सिंह चौहान, लालजी प्रसाद निर्मल, उमेश द्विवेदी, विधायक ओपी उपाध्याय, आशीष सिंह 'आशु', भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सरदार पटेल स्मृति समारोह समिति की अध्यक्ष राजेश्वरी देवी पटेल, महासचिव शशांक वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

## हर जरूरतमंद की सेवा ही सरकार का लक्ष्य: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 'जनता दर्शन' के माध्यम से प्रदेशवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनने और त्वरित निराकरण की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में सोमवार को मुख्यमंत्री ने एक बार फिर 'जनता दर्शन' कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या गंभीरता से सुनी, उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व प्रभावी कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान पीएसी के एक सिपाही ने अपनी व्यक्तिगत समस्या मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए मामले का शीघ्र और न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शाहजहांपुर से आए एक किसान ने धान खरीद केंद्रों पर हो रही लाप. रवाही की शिकायत की, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अन्नदाता किसानों की समृ) के लिए निरंतर कार्य कर रही है और किसानों को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शाहजहांपुर के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी केंद्र पर किसानों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# प्रयागराज में आंदोलनरत छात्रों पर बर्बरता भाजपा का सत्ता अहंकार: अखिलेश यादव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्र-नौजवानों के साथ हुए अमानवीय और दुर्व्यवहार की कड़ी निदा की है।

उन्होंने कहा कि बेरोजगारी की पीड़ा झेल रहे युवाओं के साथ मारपीट करना, बाल पकड़कर अपमानित करना और दमनात्मक कार्रवाई करना भाजपा सरकार के सत्ता अहंकार को दर्शाता है, जो अमानुषिक रूप में अपनी ताकत दिखा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा यह न भूले कि पढ़ने वाले युवा लड़ना नहीं चाहते, वे केवल साफ-सुथरी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया की मांग कर रहे हैं। समा. जवादी पार्टी प्रतियोगी अभ्यर्थियों के साथ नैतिक बल बनकर खड़ी है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की दोषपूर्ण परीक्षा प्रणाली और भ्रष्ट चयन प्रक्रिया पर लग रहे गंभीर आरोपों के संदर्भ में एसआईआर की पुरजोर मांग की जाती है।

## भाजपा गांधीवादी नहीं गोडसेवादी सोच की परिचायक: अजय राय

**लखनऊ।** मौजूदा संसद सत्र में केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी नेशनल रूरल रोजगार गारंटी अधिनियम अर्थात मनरेगा का नाम बदलने और योजना की संरचना में बदलाव के प्रस्ताव पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम इस ऐतिहासिक योजना से हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के इस कदम से यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि यह लोग गांधीवादी नहीं बल्कि गोडसेवादी सोच के पोषक हैं।

## चंदौली में चोरी का विरोध करने पर हत्या

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश में चंदौली जिले के सैयदराजा थाना क्षेत्र में रविवार और सोमवार की रात दो बजे चोरी का विरोध करने पर बदमाशों ने एक किशोर की हत्या कर दी। ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए एक चोर को मौके से पकड़ लिया, जबकि उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, दुधारी गांव निवासी मुन्ना राम के घर में देर रात करीब चार, पांच, की संख्या में चोर घुस आए। उस वक्त घर के सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान मोनू कुमार (17) की नींद खुल गई। उसने घर में हलचल देखी और चोरों को बक्सा उठाकर भागते हुए देख लिया।

# 18 दिसम्बर को लखनऊ में कार्य मंत्रणा और सर्वदलीय बैठक

### सीएम योगी होंगे शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के आगामी सत्र को लेकर अठारह दिसम्बर को राजधानी लखनऊ में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक और सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। इन महत्वपूर्ण बैठकों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं शामिल होंगे।

बैठक का उद्देश्य विधानसभा सत्र के सुचारु संच. ालन, कार्यसूची और सदन में उठाए जाने वाले प्रमुख विषयों पर सभी दलों के बीच सहमति बनाना है। सर्वदलीय बैठक में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता उपस्थित रहेंगे। बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रतिनिधि विधानसभा सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही, प्रश्नकाल, विधायी कार्य और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने-अपने सुझाव रखेंगे। इसके साथ ही सदन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए आवश्यक सहमति बनाने पर भी चर्चा होगी। कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विधानसभा के सत्र की अवधि, कार्य दिवसों की संख्या और प्रस्तावित विधायी कार्यों पर विचार किया जाएगा। वहीं सर्वदलीय बैठक के माध्यम से सरकार और विपक्ष के बीच संवाद स्थापित कर सत्र के दौरान टकराव से बचने और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप सदन संचालन पर जोर दिया जाएगा। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रदेश से जुड़े समसामयिक विषयों, जनहित से जुड़े मुद्दों और विधायी प्राथमिकताओं पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है। सर्वदलीय बैठक को आगामी विधानसभा सत्र की ख्रष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसी मंच पर विभिन्न दल अपनी बात रखकर सहमति और सहयोग का रास्ता तलाशते हैं।

## अधेड की मौत को लेकर ग्रामीणों ने मचाया हंगामा

**जगदीशपुर/अमेठी।** एक दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में सडक के किनारे लहूलुहान मिले अधेड के शव को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन के विरोध में किया नारेबा. जी तथा काफी मान मनव्वल होने पर छत्तीस घंटे बाद मृतक के शव का अंतिम संस्कार करने को परिजन राजी हुए।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गूंगेमऊ गांव निवासी मक्खन सिंह का लहूलुहान शव हारीमऊ गांव के समीप सडक के किनारे एक दिन पूर्व मिला था जिसे पुलिस ने पीएम के लिए भेजकर कार्यवाई का आश्वासन दिया था शव वापस आने पर आक्रोशित परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए आरो. पियों को पकडने की मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ रोड पर इकठा होकर पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाई ना करने का आरोप लगाते हुए उसके विरू) नारेबाजी किया तो वहीं मौजूदा विधायक के विरोध मे भी नारे गूंजते रहे सुरक्षा व्यवस्था के लिए आसपास के थानो समेत भारी संख्या मे पुलिस बल मौजूद रहा लगभग चार घंटे तक मान मनव्वल होने पर मामला तब शांत हुआ जब क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार ने आरोपियों को जल्द गिर"तार करने का आश्वासन दिया तब परिजन शव के अंतिम संस्कार को राजी हुए।

# सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोकदल ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल ने लखनऊ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जी पी ओ स्थित विधान सभा के समीप स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अल्र्पत की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, प्रोफेशनल मंच के अध्यक्ष अंबुज पटेल, प्रदेश सचिव अफसर अली, महेश पाल धनगर एवं प्रमोद शुक्ला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।







इसके उपरांत प्रदेश मुख्यालय पर सरदार पटेल के सिद्धांतों पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संच. ालन राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने आज़ादी के बाद बिखरे हुए भारत को एक मजबूत और अखंड राष्ट्र के रूप में संगठित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। रियासतों के एकीकरण के माध्यम से उन्होंने भारत की एकता और अखंडता को स्थायी आधार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज जब देश सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब सरदार पटेल के विचारख्रराष्ट्रीय एकता, प्रशासनिक ख्रढ़ता, अनुशासन और राष्ट्र सर्वोपरि की भावनाख्रपहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। राष्ट्रीय लोकदल चौधरी चरण सिंह और सरदार पटेल की विचारधारा को आत्मसात करते हुए किसानों, मजदूरों, युवाओं और कमजोर वर्गों के अधिकारों की लड़ाई निरंतर लड़ता रहेगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में एकता, सद्भाव और राष्ट्र निर्माण के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन त्याग, साहस और ख्रढ़ संकल्प का प्रतीक है। युवाओं को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से सीख लेकर देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के प्रयास जारी रखने की बात कही। प्रोफेशनल मंच उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अंबुज पटेल ने कहा कि सरदार पटेल एक महान नेता होने के साथ-साथ कुशल प्रशासक भी थे।

# मिशन शक्ति अभियान का पांचवां चरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति विशेष अभियान पांचवें चरण के अंतर्गत व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में सोमवार 15 दिसम्बर 2025 को जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार एवं उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोब. ेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय, गौरीगंज में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 07 नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का



उद्देश्य कन्या जन्म को प्रोत्साहित करना तथा समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।

इसी क्रम में स्वावलंबन कैम्प (मेगा इवेंट) थीम पर ग्राम पंचायत बीरीपुर, विकास खण्ड जामों, जनपद अमेठी में महिला एवं बालि. का सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। शिविर के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य/कोविड), स्पॉन्सरशिप योजना, पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानक. ारी दी गई तथा संबंधित पम्पलेट एवं फोल्डर वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति से संबंधित फोल्डर व पम्पलेट देकर कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराया गया तथा सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 के साथ-साथ बाल श्रम एवं बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में भी व्यापक स्तर पर जनजागरूकता की गई।

## खालिद दूबे का निकाह बना चर्चा का विषय

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में केराकत तहसील के डेहरी गांव निवासी नौशाद अहमद दूबे के भतीजे खालिद दूबे के निकाह और उसके बाद आयोजित बहूभोज (दावते वलीमा) कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में रविवार को चर्चा का विषय बना रहा। इस आयोजन में हिदू और मुस्लिम रिश्तेदारों का भावनात्मक मिलन देखने को मिला। रविवार रात को आयोजित बहूभोज कार्यक्रम में 100 से अधिक ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस दौरान हिन्दू और मुस्लिम परिवारों के सदस्यों ने एक-दूसरे से मिलकर भावनात्मक क्षण साझा किए। खालिद दूबे का निकाह शनिवार को सम्पन्न हुआ था।

# सरदार पटेल का जीवन राष्ट्र एकता

### अनुशासन और दृढ़ नेतृत्व का प्रतीकः प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, कुशल प्रशासक और आधुनिक भारत के निर्माता लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर कांग्रेस जनों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अल्र्पत किए।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिदवी ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और ख्र तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल अत्यंत ख्रढ़, अनुशासनप्रिय और निर्भीक नेता थे, जिन्होंने राष्ट्रीय हित में कभी किसी दबाव के आगे समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन सादगी, ईमानदारी और सिद्धांतों का प्रतीक था और वे आडंबर से दूर रहकर राजनीति को नैतिक आधार देने वाले नेता थे।

मनीष हिदवी ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में सरदार पटेल का योगदान ऐतिहासिक रहा। उन्होंने खेड़ा सत्याग्रह और बारडोली सत्याग्रह का सफल नेतृत्व किया, जिसके बाद जनता ने उन्हें 'सरदार' की उपाधि दी। स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में उन्होंने लगभग पांच सौ पैंसठ रियासतों का भारत में विलय कर देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व जहां ख्रढ़ता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक था, वहीं उनका कृतित्व भारत की प्रशासनिक मजबूती की आधारशिला बना। उनका जीवन यह सिखाता है कि मजबूत राष्ट्र निर्माण के लिए ख्रढ़ नेतृत्व, राष्ट्रीय एकता और ईमानदारी अनिवार्य है। सरदार पटेल सदैव भारत की आत्मा और एकता के प्रहरी के रूप में स्मरण किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व सैनिक विभाग के वाइस चेयरमैन सुभाष मिश्र, मनीष हिदवी, संजय शर्मा, अनामिका यादव, जयप्रकाश सिंह, धमेन्द्र नाथ सिंह, अमित भारद्वाज, विजय द्विवेदी, मनोज शुक्ला सहित अन्य कांग्रेस जनों ने भी सरदार पटेल को श्रद्धासुमन अल्र्पत किए।

# बीबीएयू के शोधकर्ताओं ने विकसित किया स्मार्ट ब्रीथ सेंसर, बिना सुई होगी डायबिटीज की जांच

**लखनऊ।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्व. विद्यालय (बीबीएयू) के भौतिक विज्ञान विभाग के शोधकर्ताओं ने गैर-इनवेसिव डायबिटीज मॉनिटरिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह शोधकार्य अमेरिकन केमिकल सोसाइटी द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल एप्लाइड इंजी. नियरिंग मैटेरियल में प्रकाशन के लिए स्वीकार किया गया है।

यह सेंसर सांस में मौजूद एसीटोन की पहचान करता है, जिसे डायबिटीज और मेटाबॉलिक विक. ारों का एक मान्यता प्राप्त बायोमार्कर माना जाता है। डॉ- मोनू गुप्ता के अनुसार, ब्लड सैंपल या सुई के इस्तेमाल के बिना केवल सांस के विश्लेषण से डायबिटिक स्थिति की निगरानी इस तकनीक के माध्यम से संभव हो सकेगी। यह संयोजन कम सांद्रता पर भी एसीटोन के प्रति उच्च संवे. दनशीलता और चयनात्मकता प्रदर्शित करता है। खास बात यह है कि यह उपकरण कम पीपीएम स्तर पर भी एसीटोन का सटीक पता लगाने में सक्षम है, जिससे डायबिटीज की शुरुआती पहचान और नियमित मॉनिटरिंग का मार्ग प्रशस्त होता है। डॉ- मोनू गुप्ता का कहना है कि यह सेंसर कम लागत वाला, पोर्टेबल और पूरी तरह गैर-इनवेसिव है, जो भविष्य में घर पर ही डायबिटीज की जांच के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। इसके साथ ही यह उपकरण पर्यावरण और मानव श्वास दोनों में एसीटोन का पता लगाने में सक्षम हो सकता है, जिससे इसके उपयोग के क्षेत्र और भी व्यापक हो जाते हैं। विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो- राज कुमार मित्तल ने इस महत्वपूर्ण शोध उपलब्धि पर शोध टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्य विश्व. विद्यालय में हो रहे गुणवत्तापूर्ण शोध का प्रमाण है और समाजोपयोगी वैज्ञानिक नवाचारों की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

# लूट की सूचना पुलिस जांच में निकली झूठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई अमेठी।** सलकल की थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा फर्जी लूट की सूचना का खुलासा करते हुए झूठी सूचना देने वाले के विरुद्ध मुकदमा पंजीख्रत करते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिया,

शिवरतनगंज थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा ने बताया कि झूठी सूचना देने वाले व उसके साथी के कब्जे से शत प्रतिशत रुपये बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को चौदह दिसम्बर को डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि अंकित सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर थाना कोतवाली हैदरगढ़ जिला बारा. बंकी का निवासी है जो पिकअप लोडर से किराना का सामान ले जा रहा था।

थानाक्षेत्र शिवरतनगंज के कुसुंभी के पास तीन अज्ञात लोग बाइक से आए और मारपीट की तथा डेढ लाख रुपए छीन कर भाग गए। उक्त सूचना पर थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयाना करते हुए मौके पर मौजूद पिकअप लोडर ड्राइवर अंकित सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी गनेशपुर थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी व उसके साथी विनोद मिश्रा पुत्र कौशल किशोर मिश्रा निवासी राम्भी थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी से पूछताछ करते हुये विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किया गया। पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना शिव. रतनगंज पुलिस द्वारा उक्त घटना की गंभीरता से जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि अंकित कुमार गुप्ता पुत्र संतोष गुप्ता निवासी मो0 कुरैशी वार्ड नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी की हैदरगढ़ में किराना की दुकान है उसी दुकान का सामान पिकअप लोडर द्वारा ड्राइवर अंकित सिंह के साथ इन्हौना, शिवरतनगंज, सैमरौता आदि स्थानों पर किरानों की दुकान में सामान सप्लाई हेतु रविवार 14 दिसम्बर को भेजा था। माल बिक्री का 80,150/-रुपये ड्राइवर अंकित सिंह लेकर आ रहा था। बेईमानी की नीयत से रुपये हड़पने के लिये वह अपने साथी विनोद मिश्रा के साथ योजना बनाकर गाड़ी का साइड शीशा तोड़कर छिनैती की सूचना दिया था। इस प्रकार घटना स्थल का निरीक्षण करने व दुकान मलिक एवं ड्राइवर से पूछताछ करने पर लूट की सूचना झूठी पायी गयी। तलाशी से अभियुक्त अंकित सिंह के कब्जे से 40150/-रुपये व उसके साथी विनोद मिश्रा के कब्जे से 40000/- रुपये बरामद हुआ। दुकान मलिक अंकित गुप्ता की तहरीर पर पिकअप लोडर ड्राइवर अंकित सिंह व उसके साथी विनोद मिश्रा के विरूद्ध थाना शिवरतनगंज पर मु0अ0सं0 144/25 धारा 316(2), 318(4) बीएनएस पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# इतिहास में मेवाड़ का स्थान अत्यंत गौरवपूर्ण और अद्वितीयः आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं इलाहाबाद संग्रहालय समिति की अध्यक्ष आनंदीबेन पटेल ने कहा कि भारतीय इतिहास में मेवाड़ का स्थान अत्यंत गौरवपूर्ण और अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि राणा सांगा का रण-कौशल, महाराणा प्रताप का अदम्य साहस और महाराणा अमर सिंह का अमर बलिदान भारत की सनातन परंपराओं, आत्मसम्मान और राष्ट्रबोध के उज्ज्वल प्रतीक हैं।



मेवाड़ शैली के चित्र केवल कला कृतियां नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की जीवित स्मृतियां हैं, जो कालातीत होकर आज भी हमें प्रेरणा देती हैं। सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजस्थान के उदयपुर स्थित सिटी पैलेस में आयोजित कला प्रदर्शनी ष्प्रेमार्पणष का विधिवत उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी इलाहाबाद संग्रहालय और सिटी पैलेस संग्रहालय, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई है, जिसमें मेवाड़ कला शैली में निर्मित इलाहाबाद संग्रहालय के 48 तथा सिटी पैलेस संग्रहालय के 35 दुर्लभ लघु चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल ने गवर्नमेंट गर्ल्स सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर की छात्राओं को स्मृति-चि]न प्रदान कर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय ऐतिहासिक चेतना के पुनर्जागरण का काल है। संविधान के 75 गौरवपूर्ण वर्ष, सरदार वल्लभभाई पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान वर्ष और वंदे मातरम् के 150 वर्ष राष्ट्र-चेतना को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। यह समय अपने इतिहास को केवल स्मरण करने का नहीं, बल्कि उसकी आत्मा को आत्मसात करने का है। उन्होंने मेवाड़ न्यास द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शंभूरत्न पाठशाला (1863) और प्रथम कन्या विद्यालय (1866) जैसी संस्थाएं आज भी सैकड़ों बालिकाओं के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन, उदयपुर के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी डॉ- लक्ष्यराज सिंह द्वारा विद्यादान की परंपरा को आगे बढ़ाना प्रेरणादायी है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि वे अपने ज्ञान, संकल्प और मूल्यबोध के बल पर समाज, प्रदेश और राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज का भारत आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और स्वाभिमानी बनकर विश्व मंच पर एक निर्णायक शक्ति के रूप में उभर रहा है।

# बीएचयू में 'आदि बाजार' का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी।** भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास परिसंघ (ट्राइफेड) हर वर्ष आदि बाजार नाम से राज्य स्तर पर प्रदर्शनी-सह-बिक्री कार्यक्रम का आयोजन करता है। ट्राइफेड क्षेत्रीय कार्यालय उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश इस वर्ष ट्राइफेड में एम्पैनल्ड जनजातीय कारीगरों के लिए यह कार्यक्रम काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के मधुबन उद्यान में 15 से 23 दिसम्बर तक आयोजित कर रहा है।

आदि बाजार का उद्घाटन प्रो- अजित कुमार चतुर्वेदी, कुलपति द्वारा सोमवार को बीएचयू के मधुबन उद्यान में किया गया। यह आदि बाजार कार्यक्रम पहली बार वाराणसी में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से आए लगभग 40 से अधिक जनजातीय उद्यमी अपने उत्पादों जैसे बनारसी वस्त्र, चंदेरी साड़ी, लकड़ी के हस्तशिल्प, रेशम व ऊनी वस्त्र, वन व कृषि उत्पाद आदि की उचित दरों पर बिक्री कर रहे हैं। इस अवसर पर कुलपति ने ट्राइफेड के जनजातीय उत्पादों के विपणन एवं विज्ञापन (मार्केटिंग एवं एडवर्टाइजिंग) से संबंधित गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। ट्राइफेड के अधिकारियों ने कुलपति को बताया कि वर्तमान में वाराणसी के सारनाथ, संकट मोचन एवं एयरपोर्ट क्षेत्र में ट्राइफेड के बिक्री एवं प्रदर्शन स्थल संचालित हैं, साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में भी ऐसे ही एक स्थायी स्थान की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए यह बात कुलपति के समक्ष रखी गई। कार्यक्रम पद्मश्री डॉ- रजनी कान्त की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। आज आरंभ हुए आदि बाजार में कुलपति ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया और गोंड, थारू एवं भोटिया जनजातियों सहित विभिन्न जनजातीय समुदायों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे कारीगरों से संवाद किया। स्टॉलों में प्रदर्शित उत्पादों में जल कुंभी से बने उत्पाद (बैग, पेंसिल स्टैंड, टोपी), ट्वाइन सामग्री से बने उत्पाद, जूट उत्पाद, मैक्रेमे वस्तुएं, सी बकथॉर्न औषधीय उत्पाद, बनारसी वस्त्र, चंदेरी साड़ियां, लकड़ी की हस्तशिल्प वस्तुएं, रेशमी एवं ऊनी परिधान, हर्बल उत्पाद तथा कृषि उत्पाद शामिल थे, जो जनजातीय कला एवं सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाते हैं। इस दौरान कुलपति ने कारीगरों से विभिन्न उत्पादों के भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग की स्थिति पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में ट्राइफेड की क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती प्रीति टोलिया ने कुलपति प्रो- अजीत कुमार चतुर्वेदी एवं डॉ- रजनी कान्त को उत्तराखंड की पायरोग्राफी कला (लकड़ी पर हीटेड लेजर उत्कीर्णन से निर्मित कलाकृति) भेंट कर सम्मानित किया, साथ ही ट्राइफेड के कैटलॉग भी प्रदान किए गए।

# ऑनर किलिंग के आरोपी पुलिस उपनिरीक्षक समेत तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगंरा के मलपुरा क्षेत्र में मान सम्मान को खातिर युवती की हत्या करने वाले रिटायर्ड पुलिस सब इंस्पेक्टर पिता और भाई समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोमवार को पुलिसं ने खुलासा करते हुए बताया कि फिरोजाबाद में युवती गांव के निवासी अनुराग से प्रेम करती थी जिसको परिवार वाले पसंद नहीं करते थे।

प्रेमी युवक अनुराग एक ही गांव का था लिहाजा युवती के परिजन मान सम्मान से जोड़ कर देखने लगे। युवती अपने प्रेमी अनुराग से शादी के लिए जिद्द पर अड़ी हुई थी। इसी बात से नाराज परिजनों ने युवती की हत्या कर दी और शव को इटावा जिला में ले जाकर यमुना में फेंक दिया था। पुलिस ने युवती के पिता रणवीर, भाई भाई गौरव और एक अन्य रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक युवती के प्रेमी अनुराग ने 13 दिसम्बर को सूचना दी थी कि आगरा में थाना मलपुरा इलाके के निवासी रणवीर सिंह और उनके परिजन ने प्रेमिका को गायब कर दिया है।

इसी सूचना पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने रणवीर सिंह यादव हिरासत में लेकर पूछताछ की तब जा कर पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर रणवीर सिंह मूल निवासी फिरोजाबाद निवासी है लेकिन आगरा में मलपुरा इलाके में परिवार सहित रह रहा था। 25 अक्टूबर को अपने घर विनायक गार्डन में युवती को गला दबा कर हत्या की। युवती की हत्या पिता रणवीर सिंह और भाई गौरव ने की और हत्या में मां ने भी सहयोग दिया।

साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को कार में रख कर इटावा जिला में ले जाए यमुना में फेंक दिया। शव को फेंकने के दौरान एक रिश्तेदार सतीश कुमार ने भी साथ दिया था। शव को फेंकने के बाद रणवीर सिंह ने कुछ दिनों के बाद पुलिस में बेटी के गुमशुदा की शिकायत भी दर्ज करवा दी थी।

## कौशांबी में बाइक ट्रैक्टर से टकरायीं, तीन मरे

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के पश्चिम शरीरा क्षेत्र में रविवार देर रात ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवकों की मृत्यु हो गई जबकि उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बरैसागांव निवासी जितेंद्र रैदास (22) व श्रीचंद्र, हिनौता गांव निवासी अनिल (21), धर्मशील (20) दो बाइक से रात में निमंत्रण करके घर लौट रहे थे। बरैसा गांव के पास सामने आ रहे ट्रैक्टर से दोनों बाइक टकरा गई। इस हादसे में जितेन्द्र रैदास, अनिल व धर्मशील की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि श्री चद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार लिए प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

# लखीमपुर खीरी में शारदा बैराज बनेगा आकर्षक पर्यटन गंतव्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड (यूपीईटीडीबी) ने लखीमपुर खीरी स्थित शारदा बैराज को प्रमुख वेलनेस टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की योजना को गति दी है।



इस परियोजना के लिए एजेंसी चयन प्रक्रिया की घोषणा कर दी गई है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को कहा कि बदलती जीवनशैली और तेज रफ्तार दिनचर्या के बीच लोग अब प्रकृति, आयुर्वेद और वेलनेस आधारित पर्यटन की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए शारदा बैराज को एक आधुनिक एकोमोडेशन एंड वेलनेस टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां पर्यटकों को स्वास्थ्य, शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक अनुभव एक साथ प्राप्त होंगे। योजना के तहत चयनित एजेंसी को आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

एजेंसी द्वारा परियोजना की योजना, डिजाइन, निर्माण, वित्त पोषण और संचालन की पूरी जिम्मेदारी निभाई जाएगी। साथ ही परिसर और पर्यटकों की सुरक्षा भी एजेंसी के दायित्व में होगी। यूपीईटीडीबी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा। यह परियोजना ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओ एंड एम) मॉडल पर संचालित की जाएगी। परियोजना की प्रारंभिक अवधि 15 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसमें आगे 15 वर्ष के विस्तार का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा।

# इटावा को बनाया पेंटेड स्टार्क पक्षी ने अपना सबसे बड़ा 'प्रजनन केंद्र'

शाह टाइम्स ब्यूरो

**इटावा।** एशियाई मूल के बेहद आकर्षक रंग-बिरंगे पेंटेड स्टार्क पक्षी ने प्रजनन के लिए उत्तर प्रदेश के इटावा को अपना केंद्र बना रखा है। हजारों की संख्या में रंग-बिरंगे बेहद आकर्षक पेंटेड स्टार्क पक्षी का बड़ा आशियाना इटावा जिला बनता चला जा रहा है। इटावा ओर आसपास के जिलों में पेंटेड स्टार्क पर लंबे अर्से से संरक्षण की दिशा में काम कर रही ष्द हैबिटैट्स ट्रस्टष से जुड़ी पर्यावरणीय विशेषज्ञ डॉ-यशमिता ने सोमवार को यूनीवार्ता को एक विशेष भेंट में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पेंटेड स्टार्क पक्षी हजारों की संख्या में इटावा में अगस्त से लेकर फ़रवरी माह तक प्रजनन करने के लिए आते है और प्रजनन के बाद अपने अपने बच्चों के साथ उड़ जाते है। यह पक्षी पेड़ों पर रह कर प्रजनन की प्रक्रिया करता है। इस पक्षी को शिकारियों से बड़ा खतरा भी रहता है क्योंकि शिकारी कभी-कभी इन पक्षियों का शिकार भी कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि पेंटेड स्टार्क पक्षी के हजारों संख्या में मौजूदगी रिपोर्ट की जा रही है। पर्यावरण विशेषज्ञों का ऐसा मानना है कि पेंटेड स्टार्क पक्षी को किसान और स्थानीय लोगों का संरक्षण हासिल है और इसी वजह से पिछले करीब 15 सालों से यह पक्षी इटावा के विभिन्न अंचलों में अपनी मौजूदगी से स्थानीय लोगों को गदगद किए हुए हैं।

इस पक्षी की मौजूदगी इटावा के साथ-साथ पड़ोसी मैनपुरी जिले में भी देखने को मिल रही है, पर्यावरण विशेषज्ञ ऐसा मानते हैं कि इटावा और मैनपुरी की वातावरण इस पक्षी के लिए मुफीद है इसलिए यह पक्षी हजारों की संख्या में प्रजनन करने को पहुंच रहे है। उन्होंने बताया कि रंग-बिरंगे पेंटेड स्टॉर्क (मायकेटेरिया ल्यूकोसेफाला), जो उत्तर प्रदेश की एक स्थायी पक्षी प्रजाति है, एक बार फिर अपने पारंपरिक घोंसला स्थलों पर प्रजनन काल की शुरुआत के लिए लौट आया है। अपनी आकर्षक बनावट और पारिस्थितिक महत्त्व के लिए प्रसिद्ध ये भव्य पक्षी अगस्त माह से अपने घोंसला स्थलों की ओर आगमन शुरू करते हैं। इटावा ज़िले में सदर तहसील के फरहदपुरा गांव में तथा दूसरा सैफई तहसील के उसराही गांव में इसके दो महत्वपूर्ण घोंसला स्थलों की पहचान की गई है। डॉ- यशमिता ने बताया कि पेंटेड स्टॉर्क पक्षी को द हैबिटैट्स ट्रस्ट ने ष्उत्तर प्रदेश में पेंटेड स्टॉर्क के घोंसला स्थलों का समुदाय-आधारित संरक्षणष शीर्षक से एक परियोजना आरंभ की है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य पक्षी के आवास का संरक्षण करना, समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा देना तथा पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में इस प्रजाति के महत्त्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि पेंटेड स्टॉर्क के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यालयी छात्रों को जोड़ने हेतु कई शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में व्याख्यानों की श्रृंखला तथा चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस सिल. सिले में आर- एल- पब्लिक स्कूल, उजियानी, सैफई, इटावा ओर रणवीर सिंह इंटर कॉलेज, बघुइया, सैफई, इटावा में व्याख्यानों के माध्यम से छात्रों को पेंटेड स्टॉर्क की जीवविज्ञान और व्यवहार से परिचित कराया गया। इसमें प्रजाति के पारिस्थितिक महत्त्व, वर्तमान जनसंख्या स्थिति तथा इसके समक्ष मौजूद खतरों पर विशेष जोर दिया गया। छात्रों ने यह भी जाना कि इन पक्षियों का संरक्षण आर्द्रभूमियों और स्थानीय पारितंत्र के स्वास्थ्य को बनाए रखने में कैसे सहायक है। उन्होंने बताया कि व्याख्यानों के पश्चात ष्पेंटेड स्टॉर्क का संरक्षणष विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक प्रतिभागी को चित्रकला किट उपलब्ध कराई गई। इस प्रतियोगिता ने न केवल छात्रों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया, बल्कि उन्हें पेंटेड स्टॉर्क के आवास संरक्षण के महत्व पर चितन करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों ने भावपूर्ण संकल्प लिया कि वे इन पक्षियों के घोंसला स्थलों के संरक्षण में सक्रिय योगदान देंगे और अपने गांवों को इस संकटग्रस्त प्रजाति के लिए स्थायी आश्रय बनाए रखने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि द ट्रस्ट की यह परियोजना संरक्षण प्रयासों और समुदाय की सहभागिता के बीच की दूरी को पाटने का कार्य करती है। छात्रों और स्थानीय निवासियों को शामिल कर यह पहल इन पक्षियों तथा उनके पर्यावरण की रक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का लक्ष्य रखती है। निरंतर सामुदायिक सहभागिता के साथ यह आशा की जा सकती है कि पेंटेड स्टॉर्क आने वाली पीढ़ियों तक इटावा में फलता-फूलता रहेगा। डॉ-यशमिता ने बताया कि इटावा में जिन गांवों के आसपास पेंटेड स्टॉर्क पक्षी की मौजूदगी पाई जा रही है उस इलाके के किसान और स्थानीय लोग इस पक्षी के संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं इसीलिए बड़ी संख्या में यह पक्षी इन इलाकों में खूब फल फूल रहा है। पक्षियों को खासी तादात में भोजन आदि भी मिल रहा है। इन पक्षियों का मुख्य भोजन कीड़े मकोड़े के अलावा खेतों में पाए जाने वाले सांप आदि होते हैं।

## मोहन यादव ने काशी विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ- मोहन यादव ने सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने काशी की गलियों में प्रसिद्ध मलाईयां भी चखी। डॉ- यादव ने कहा ष कई जन्मों के पुण्य के बाद कोई काशी आता है। मैं बाबा महाकाल की नगरी से आता हूं, इसलिए मैं इसके महत्व को समझता हूं। प्रदेश और देश पर बाबा की कृपा बनी रहे, यही कामना है। यह अभ्युदय का समय है।

# बहराइच में 17 दिसम्बर से शुरु होगा एबीवीपी का प्रांतीय अधिवेशन

**बहराइच।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की अवध प्रांत का 65वां प्रांत अधिवेशन आगामी 17 से 19 दिसम्बर तक यहां किसान डिग्री कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन की शुरुआत 17 दिसम्बर को विधिवत उद्घाटन के साथ होगी,

जिसमें शिक्षा की आगामी दिशा और समाज परिवर्तन में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान नगर में शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी और विभिन्न सम सामयिक विषयों पर छात्र नेताओं के भाषण होंगे। 19 दिसम्बर को नई कार्यकारिणी की बैठक के साथ अधिवेशन का समापन होगा। इस अधिवेशन में पुनः निर्वाचित प्रांत अध्यक्ष प्रो- नीतू सिंह और नवनिर्वाचित प्रांत मंत्री अर्पण कुशवाहा कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसके अतिरिक्त, शिक्षा और सामाजिक विषयों पर कुल चार प्रस्ताव भी पास किए जाएंगे, जिनमें उच्च शिक्षा में व्याप्त विसंगतियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर एआई के अनुप्रयोगों पर चर्चा होगी। प्रांत मंत्री पुष्पेन्द्र वाजपेई ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शैक्षणिक दुर्व्यवस्था के विरुद्ध काम करता है और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के लिये प्रयासरत है। उन्होंने कहा, षविद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों को समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के लिए एक सशक्त राष्ट्रवादी युवा के रूप में तैयार करती है। इस अधिवेशन में जिला संयोजक देवाशीष सिंह, नगर मंत्री शिवम गौड़ और किसान डिग्री कॉलेज की इकाई सह मंत्री अंशी सिंह भी मौजूद रहे।

# जीएसटी चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने फर्जी फर्मों के माध्यम से कूटरचित इनवॉयस और ई-वे बिल तैयार कर करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी करने वाले एक संगठित अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए इसके पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) और वैशाली (बिहार) में की गई।

एसटीएफ की यह कार्रवाई आर्थिक अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता मानी जा रही है। एसटीएफ को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग फर्जी कंपनियों का पंजीकरण कर वास्तविक फर्मों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अवैध लाभ पहुंचा रहे हैं।

13 दिसम्बर को पुख्ता सूचना मिलने के बाद एसटीएफ ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विद्येश्वर प्रसाद पाण्डेय (गाजियाबाद), बब्बू कुमार पंडित, नीरज पाण्डेय (गोपलगंज, बिहार), दीपांशु शर्मा (गाजियाबाद) तथा जयप्रकाश उर्फ मनोज महतो (वैशाली, बिहार) शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह कागजों पर दर्ज फर्जी फर्मों के नाम से जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराता था और बिना किसी वास्तविक व्यापार के भारी मात्रा में फर्जी इनवॉयस और ई-वे बिल जारी करता था। इन दस्तावेजों के आधार पर वास्तविक फर्मों को इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ दिया जाता था, जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचता था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, इस नेटवर्क के जरिए करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी की गई है। एसटीएफ द्वारा की गई तलाशी में आरोपियों के पास से 4 लैपटॉप, 9 मोबाइल फोन और 13,500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। डिजिटल उपकरणों की जांच में 50 से अधिक ई-मेल आईडी, कई मोबाइल नंबर, बैंक खातों से संबंधित विवरण और जीएसटी पोर्टल पर लॉगिन के साक्ष्य मिले हैं। पूछताछ में यह भी पता चला है कि आरोपी अलग-अलग राज्यों में फर्जी फर्में बनाकर नेटवर्क के रूप में काम कर रहे थे। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे फर्जी फर्मों के नाम पर इनवॉयस और ई-वे बिल काटकर वास्तविक फर्मों को आईटीसी बेचते थे और बदले में कमीशन लेते थे। इस अवैध कारोबार से अर्जित धन को विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से घुमाया जाता था ताकि जांच एजेंसियों को गुमराह किया जा सके।

# वाराणसी में संत रविदास की जन्म स्थली पर बन रहा है आधुनिक म्यूजियम

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड, वाराणसी के परियोजना प्रबंधक मानवेन्द्र सिंह ने सोमवार को बताया कि संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर में उनके जीवन और दर्शन पर आधारित संग्रहालय ( म्यूजियम ) का निर्माण 1645 वर्ग मीटर क्षेत्र में चल रहा है। यह संग्रहालय लगभग 2320-73 लाख रुपये की लागत से फरवरी 2027 में बनकर तैयार होने का प्रस्ताव है। मन चंगा तो कठौती में गंगाष जैसे प्रेरणादायी विचारों से मानवता को दिशा देने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास की जीवन-धारा अब आधुनिक तकनीक के माध्यम से सीधे लोगों तक पहुंचेगी। उनकी जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर में योगी सरकार एक भव्य और अत्याधुनिक संत रविदास संग्रहालय का निर्माण करा रही है,

जो आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवन, दर्शन और शिक्षाओं से रूबरू कराएगा। संग्रहालय का निर्माणं जी-प्लस-1 तल वाला लगभग 1645 वर्ग मीटर क्षेत्र में हो रहा है। यह आधुनिक संग्रहालय लगभग 2320-73 लाख रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है। म्यूजियम में संत रविदास के जीवन, साहित्य, भक्ति आंदोलन में योगदान तथा 15वीं-16वीं सदी के आध्यात्मिक एवं सामाजिक परिवेश को डिजिटल प्रोजेक्शन, ग्राफिक्स और ऑडियो-विजुअल माध्यमों से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

परियोजना प्रबंधक ने बताया कि डिजिटल चित्र और चलचित्र के माध्यम से संत रविदास के जन्म, जीवन तथा उनके आध्यात्मिक और गृहस्थ जीवन की जानकारी उपलब्ध होगी। संग्रहालय आने वाले श्रद्धालुओं के लिए काफी इंटरएक्टिव होगा, जिसमें संत शिरा. मणि रविदास के जीवन के कई अनछुए पहलुओं की जानकारी होगी। संग्रहालय में भक्ति आंदोलन में उनके योगदान के बारे में जानक. री संजोई जाएगी।

# काशी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मुख्य गेट पर छात्रों का हंगामा

**वाराणसी।** वाराणसी के प्रयागराज हाइवे पर स्थित काशी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मुख्य द्वार पर सोमवार को छात्रों ने हंगामा किया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। छात्रों का आरोप है कि प्रवेश के समय उन्हें बताया गया था कि संस्थान ऑटोनॉमस है, लेकिन अब परीक्षाएं एकेटीयू के अंतर्गत कराई जा रही हैं। छात्रों ने आरोप लगाया कि ऑटोनॉमस कॉलेज में परीक्षा केंद्र उसी परिसर में होता है, लेकिन अब परीक्षा केंद्र बाहर बनाया जा रहा है, जो किसी भी तरह उचित नहीं है।

यही नहीं, छात्रों का कहना है कि फीस भी मनमाने तरीके से बढ़ा दी गई है। छात्राओं का कहना है कि परीक्षा केंद्र बाहर होने से आने-जाने में असुविधा होगी। प्रवेश के समय नहीं बताया गया था कि परीक्षा केंद्र परिसर के बाहर होगा। कोर्स भी पूरा नहीं कराया गया है। साथ ही परिसर से काफी दूर छात्रों को हॉस्टल आवंटित किया गया है, जिससे आने-जाने में दिक्कत होती है। मौके पर मिर्जामुराद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा छात्रों को समझाने की कोशिश की जा रही है।

## कोहरे और ठंड की तीव्रता बढ़ी

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में शीतलहर के बीच को. हरा और धुंध लोगों की मुश्किलों में इजाफा कर रहा है। शहर का तापमान का पारा लुढ़क कर पहुंचा 13 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। कोहरे व धुंध के वजह से विजिबिलिटी कम होने से वाहन हेडलाइट जलाकर और रेंगते हुए चल रहे हैं, ताकि किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो सके। कोहरे व धुंध की वजह से रेल, सड़क और हवाई यातायात पर भी असर पड़ रहा है। शीतलहर का असर माघ मेले की तैयारी पर भी पष रहा है। रविवार देर रात कोहरे के कारण एक कार डिवाइडर से टकराने से कई लोग घायल हो गए थे। यह हादसा नैनी इलाके के टीसीएल कंपनी के गेट के पास हुआ था।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आंमत्रित की जाती है।

| |
|---|
| **निविदा सं.:** 106-टेली/टेंडर/18/2025-26 |
| **कार्य का नाम :** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के लखनऊ-सुल्तानपुर-जफराबाद खंड में आगामी निरिक्षण हेतु दूरसंचार अवसंरचना को मजबूत करने के लिए दूरसंचार का कार्य। |
| **अनुमानित लागतः** रु. 57,73,996.96/- |
| **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य |
| **धरोहर राशिः** रु. 1,15,500.00/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधिः** 90 दिन |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 01.01.2026 15:30 Hrs. |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in** वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र.कार्यालय परिसार/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

सं. 106-टेली/टेंडर/18/2025-26 दिनांकः 11.12.2025 3863/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अज्ञात वाहन चालक ने सरकारी हैंड पंप को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** तेजी से बदलते मौसम में घने कोहरे के चलते स्थानीय साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खड़े सरकारी हैंड पंप को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे हैंड पंप क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि बीती रात रविवार को किसी अज्ञात वाहन चालक ने सरकारी हैंड पंप को टक्कर मार दी। सरकारी हैंड पंप क्षतिग्रस्त होने से यहां पर आने वाले रोगी व उनके तीमारदारों को



पीने के पानी की खास दिक्कत हो रही है इस मामले की जानकारी यहां के चिकित्सा अधीक्षक ने स्थानीय खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार निराला को दी है।

# 9 दिवसीय प्रशिक्षु बीआरपी टीम रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान हैदराबाद द्वारा प्रायोजित ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों का एक मासीय सर्टिफिकेट कोर्स के अंतर्गत निदेशक सोशल ऑडिट उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत सोशल ऑडिट कैलेंडर के अनुसार प्रशिक्षु टीमों द्वारा 15 दिसंबर 2025 से 23 दिसंबर 2025 तक 9 दिन के प्रवासीय कार्यकाल में बदायूं जिले के विकास खंड सहसवान क्षेत्र के गांव सादपुर, तरेचा, तेहरा, मोहम्मद पुर ऊधा, रफीनगर, सुल्तानपुर, अहमदनगर आदि ग्राम पंचायतों का सोशल ऑडिट करेंगे। इस दौरान 23 दिसंबर 2025 को विशेष ग्राम सभा सोशल ऑडिट का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम बदायूं जिला अधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं तथा विकास खंड सहसवान के खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार सेनी के समन्वयन में चयनित 7 ग्राम पंचायतों में उपलब्ध कराए गए अभिलेखों तथा ऑन लाइन एम आई एस से प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। इस सोशल ऑडिट कार्यक्रम में जनपद हापुड़, शामली, बागपत, अलीगढ़, इटावा सहित पांच जिलों के बी आर पी प्रतिभाग ले रहे हैं। जिसमें श्यौराज सिंह, मनोज कुमार, खजन सिंह, भगवान सिंह, राकेश कुमार, सुनील दत्त शर्मा, विपिन कुमार शर्मा, प्रतिभा राघव, सोपाली सिंह, वीर पाल सिंह, योगेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, तरन्नुम, नरेंद्र कुमार, बृजेश कुमार, सुघर सिंह, हरी शंकर, मोहर सिंह, रूपरानी, मधुरानी



, सुनीता, अवरार अहमद, गीता सिंह, मुकेश कुमार शर्मा, हंसराज सिंह, ईश्वर पाल, इंद्र पाल सिंह, सत्यवती, राजकुमार, तेजपाल, प्रदीप कुमार, सुभाष चंद्र, जयकृष्ण श्रीवास्तव, जय शिव मिश्रा, शैलेन्द्र कुमार व सरनाम सिंह सहभागिता करेंगे। इस सोशल ऑडिट कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 7 ग्राम पंचायतों में पांच पांच बी आर पी प्रशिक्षुओं की टीम गठित की गई है। सभी सोशल ऑडिटरों का अलग अलग 7 ग्राम पंचायतों में स्थानीय पंचायत भवनों पर 9 दिवसीय प्रवास सुनिश्चित किया गया है। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव, प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार व प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।

# जल जीवन मिशन योजना फांक रही धूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसावां।** एक तरफ तो योगी सरकार जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल पहुंचने की बात कर रही है,तो वही दूसरी तरफ यह योजना पूरी होती ही नहीं दिख रही है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनबौसारी में योजना का आरम्भ वर्ष 2023 को हुआ था। लेकिन वर्ष 2025 भी समाप्ति की ओर है और पानी की टंकी का कहीं अता पता ही नहीं है। करीबन 2.5 वर्ष बीत चुके हैं अभी तक कार्य अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार 1 वर्ष पहले ही कार्य छोड़ कर भाग गए और आज तक कोई भी अधिकारी निरीक्षण के लिए नहीं आया।ग्रामीणों का आरोप है कि पानी



की पाइपलाइन डालते समय गांव की पक्की गलियां तोड़ दी गई जबकि टूटी हुई गलियों में मरम्मत कार्य अभी तक नहीं कराया गया है। वही ग्राम पंचायत के मजरा गांव फुलचियाई में भी गलियों की हालत बदहाल है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस संबंध में उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई लेकिन अभी तक किसी ने भी इस पर संज्ञान नहीं लिया है।

# अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 80 हजार की नकदी उड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सुजानपुर गांव में दुकान का ताला तोड़कर 80 हजार रुपये की नकदी ले उड़े चोर, पीड़ित ने पुलिस से की FIR की मांग।

हम आपको बता दें कि कोतवाली बिसौली क्षेत्र के ग्राम सुजानपुर में एक परचून की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा नकदी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने सोमवार को बिसौली कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि घर पर ही परचून की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है।



और बताया कि केसीसी लोन जमा करने के लिए उसने किसी से 80 हजार रुपये उधार लिए थे और अपनी दुकान के गल्ले में 80 हजार रुपये रख दिए थे। आज सोमवार को लोन जमा करने की तारीख थी, लेकिन उससे पहले ही बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे 80 हजार रुपये चोरी कर लिए। सुबह जब दुकानदार दुकान पर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ मिला और गल्ले से रुपये गायब थे। घटना से पीड़ित दुकानदार काफी परेशान है। उसने कोतवाली बिसौली पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस ने बैंक शाखा का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय पुलिस उपनि. रीक्षक चंद्र शेखर सिंह व हेड कांस्टेबल प्यारे खां ने पुलिस टीम के साथ स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक शाखा परिसर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस उपनि. रीक्षक चंद्र शेखर सिंह ने बैंक परिसर के इर्द गिर्द लोगों से आवश्यक पूंछ ताँछ की व सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक अभिलेखों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक प्रभात कुमार द्विवेदी, देव रस्तोगी, प्रगति मिश्रा, रजनीश कुमार यादव, प्रदीप कुमार सिंह, विक्रम मौर्य व पी आर डी जवान मदन लाल मौजूद रहे।

# बिजली कटौती को लेकर विधायक आशुतोष मौर्य सख्त

## अधिशासी अभियंता को निर्देश- बिना कारण कटौती बर्दाश्त नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बिसौली विधानसभा क्षेत्र में लगातार मिल रही बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों को लेकर विधायक आशुतोष मौर्य "राजू भैया" ने कड़ा रुख अपनाया है। बिसौली नगर, फैजगंज बेहटा सहित क्षेत्र के अनेक गांवों और कस्बों से विद्युत आपूर्ति में अनियमितता, बार-बार ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज और घंटों बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही थीं, जिसको लेकर आम जनता में खासा रोष व्याप्त था। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ने संबंधित विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी को स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलना उनका अधिकार है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता से यह भी अपेक्षा की कि बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के लिए।

एक प्रभावी मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। विधायक के इस सक्रिय कदम से क्षेत्रीय जनता में संतोष देखा जा रहा है और लोगों को उम्मीद है कि शीघ्र ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा।

# एक नजर

## अवैध क्लीनिक पर नोटिस चिपकाने के बावजूद 5 दिन तक प्रशासन द्वारा नहीं हुई कोई कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बिनावर क्षेत्र में अवैध क्लीनिक और बिना डिग्री के इलाज करने वाले डॉक्टरों की संख्या लगातार बढ़ जा रही है, इस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध क्लीनिक पर प्रेक्टिस करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है अब ऐसे लोगों पर कार्रवाई के साथ ही मुकदमे भी दर्ज किए जा रहे है। जिससे क्लीनिक संचालक भयभीत है। इस दौरान स्वास्थ विभाग बदायूं की टीम ने दिन बुधवार को मलगांव में चल रहे।

क्लीनिक राधा वल्लभ प्रसव केंद्र पर अवैध रूप से छापा मारा। जहां सूचना मिलते ही संचालिका प केंद्र को बंद करके फरार हो गई। इसी दौरान नोडल अधिकारी डॉ नवनीत कुमार ने राधाबल्लभ क्लीनिक प्रसव केंद्र पर नोटिस चिपका कर दो दिन में संचालिका को स्वास्थ्य संबंधी शैक्षिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी से पता चला है कि संचालिका नेहा साहू पर थाना बिनावर में पहले से ही एक मुकदमा चल रहा है। इस संबंध में. मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्र जब जानकारी लेना चाहे तो कॉल रिसीव नहीं हुआ।

## खाद की कालाबाजारी के विरोध में किसानों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तहसील अध्यक्ष मुकेश भदौरिया के नेतृत्व में किसानों ने उर्वरक की गंभीर कमी और ओवर रेट यूरिया के साथ बिजली बिलों में त्रुटियां को लेकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। उसके बाद नायब तहसीलदार सृजन यादव को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को धरने को संबोधित करते हुए भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष रामा शंकर शंखधार ने कहा कि आवारा पशुओं के कारण किसानों की फसले बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने सरकार से गांव में घूम रही आवारा गायों को गौशाला भेजने की मांग की। उन्होंने खाद की कालाबाजारी का आरोप भी लगाया और सचिवों पर कार्रवाई की मांग की। तहसील अध्यक्ष मुकेश भदोरिया ने सोसाइटियों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि गरीब किसानों को खाद मिल सके। पंचायत में किसानों ने निजी खाद विक्रेताओं द्वारा महंगे दामों पर डीएपी यूरिया बेचने का मुद्दा भी उठाया। किसानों ने अधिकारियों का संरक्षण का आरोप लगाया और तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सोपाली यादव, पप्पू प्रधान, ऋषभ चौधरी, मुनेंद्र कुमार, योगेश यादव, रामफूल यादव, राजेश्वर यादव आदि मौजूद रहे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना
बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Emil mkkhan741@gmail-com

# भाकियू ने कहा: किसानों से लूट नहीं होगी बर्दाश्त, अधीक्षण अभियंता कार्यालय का किया घेराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन असली गैरराजनैतिक ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय का धरना प्रदर्शन कर घेराव किया। सभा की अध्यक्षता जसवीर सिंह यादव और संचालन हरीश पटेल ने किया।तहसील अध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि मामला उपखंड जरीफनगर में ग्राम मड़कावली का है यहां पर तैनात अवर अभियंता जरीफनगर उपखंड अधिकारी सहसवान के द्वारा मढकावली गांव की जर्जर लाइने जो आए दिन टूट कर जमीन पर गिरने से जानवरों की हत्याएं हो रही है कुछ समय पूर्व पहले दो भैंस और एक सांड की मौत हुई थी। जिसकी शिकायत अभियंता करीब नगर से की थी लेकिन किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई। उपखंड जरीफनगर से अटैच मढकावली फीडर और सिंगोला फीडर मे दर्जनों गांव के ट्रांसफार्मर खराब है ट्रांसफार्मर बदलवाने के नाम पर पांच से दस रुपए लाइन मैन के द्वारा लिए



जाते हैं तब कहीं जाकर ट्रांसफार्मर बदले जाते हैं। जो लाइनमैन पैसा लेते हैं उनका कहना है कि हम क्या करें ऊपर अधिकारियों तक पैसा जाता है इसलिए हम पैसा लेते हैं महिला मंडल अध्यक्ष पूनम गुप्ता ने कहा की उपखंड सिंगोली के ग्राम घोसली अनिरुद्ध राम सहाय में 20 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब है लेकिन बिना आर्थिक गांठ गांठ के बदला नहीं जा रहा है। किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। उन्होंने कहा मड़कावली में पांच दिनों से बिजली पोल टूट हुआ है लाइट नहीं आ रही है। लाइट पानी फोन चार्जिंग जैसे मूलभूत सुविधाओं लिए ग्रामीण परेशान है। समस्याओं से जूझ रहे हैं कोई कर्मचारी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर ने कहा कि इस सभी समस्याओं के संबंध में मुनेंद्र कुमार पुत्र लखपत सिंह निवासी मड़कावली ने अवर अभियंता और उपखंड अधिकारी से मिलकर इन समस्याओं के निदान करने की बात करनी चाही लेकिन दोनों अधिकारियों ने समस्याओं का समाधान करना तो दूर की बात उनके साथ अभद्रता कर दी की और चार दिसंबर को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया दोनों अधिकारियों के द्वारा अपनी ड्यूटी का सही निर्वाह न करने और किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करने से क्षेत्र की जनता में रोष व्याप्त है। जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर ने कहा कि दोनों भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ विभाग शीघ्र कार्रवाई करें और किसानों पर किए मुकदमे को वापस ले तत्पश्चात दोनों अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाना चाहिए। किसानो की लूट बर्दाश्त नहीं है और वह लाइनमैन भी सुधर जाएं जो 11000 के फॉल्ट पर किसानों से 200 से लेकर 500 अवैध वसूली करते है 10 दिनों के अंदर अगर कार्यवाही नहीं होती है तो संगठन डीएम के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। धरना के दौरान किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग अधीक्षण अभियंता की होगी।

# आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पंडित दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बुक कीपर एम - 1 विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार, प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के नेतृत्व में मुख्य प्रशिक्षक सुरेन्द्र सिंह राठौर सभी महिला प्रतिभागियों को विषयक जानकारी मुहैया करा रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बदायूं जिले के विकास खंड आसफपुर क्षेत्र की लगभग 35 महिला प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं। यह कार्यक्रम 15 दिसंबर 2025 से 17 दिसंबर 2025 तक अनवरत रूप से चलाया रहा है। यह जानकारी प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी।

# किशोरी ने खाया विषाक्त इलाज के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसावां।** थाना क्षेत्र के गांव कैलोठा में किशोरी द्वारा जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक कुछ कहा सुनी होने से उसने ऐसा कदम उठाया।

किशोरी का नाम सोनी पुत्री नन्हेंलाल उम्र 21 वर्ष है। जहरीला पदार्थ खाने की सूचना मिलते ही परि. जनों ने बदायूं मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो



गई। सूचना मिलते ही उसावां थाने से प्रभारी निरीक्षक वीरपाल सिंह मय पुलिस बल के मौके पर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतिका के पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। रिपोर्ट आने के पश्चात ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बिना वर्दी ड्यूटी करने वाले चालक-परिचालकों के मानदेय से 500 रुपये की कटौती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बिना वर्दी ड्यूटी करने वाले चालक, परिचाल. कों के मानदेय से सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने कटौती शुरू कर दी है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश पाठक ने कहा है कि चालक, परिच. ालकों के लिए अगर कटौती की कार्रवाई से बचाना है तो वह नियमित तरीके से वर्दी पहनकर ही ड्यूटी करें। बदायूं डिपो में स्थाई, संविदा एवं आउटसोर्सिंग के चालक, परिचालकों की संख्या 600 है। इन सभी के लिए परिवहन निगम के आदेश के अनुसार वर्दी में ड्यूटी करना अनिवार्य है। चालकों के लिए खाकी रंग की वर्दी एवं परिचालकों के लिए ग्रे रंग की वर्दी के लिए धनराशि मुहैया कराई जा चुकी है और चालक, परिच. ालकों ने भी वर्दी तैयार करा ली है, लेकिन कुछ चालक, परिचालक वर्दी पहनकर ड्यूटी करना नहीं चाहते हैं। जिन पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बीते दिनों छह चालक, परिचालकों के मानदेय से वर्दी में न मिलने पर 500 रुपये के हिसाब से कटौती की है।

# 19 दिसम्बर को होगा पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ले0 कर्नल (अ0प्रा0) व जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि जनपद में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 19 दिसम्बर 2025 दिन शुकवार को प्रात: 11.00 बजे से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, बदायूँ में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समारोह में ईसीएचएस योजनाओं की जानकारी, स्पर्श की सुविधा, स्वत: रोजगार से सम्बन्धित जानकारी, विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, बैंक ऋण की जानकारी एवं वीर नारियों व विजेता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों का सम्मान हेतु कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर जनपद के सभी पूर्व सैनिक व पत्नियां एवं उनके आश्रित अधिक से अधिक इस कार्यक्रम में बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ उपस्थित होंगे।

# बिजली विभाग का डिफॉल्टरों के खिलाफ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** विद्युत बकायादार उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली विभाग का कनेक्शन काटो अभियान जारी है।

हर रोज विभाग की टीमें डिफॉल्टरों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। विभाग की कार्रवाई से बकैदार उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया और कार्यालय पहुंचकर बिलों की बकाया राशि भरते नजर आए। अभियान के तहत 165 डिफॉल्टरों के कनेक्शन काटे गए और 13 लाख रुपए की राजस्व वसूली हुई। सोमवार को बिसौली डिवीजन की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 165 करीब बकायेदार उप भोक्ताओं के कनेक्शन काटे। एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि बिसौली सब डिवीजन में 13322 करीब उपभोक्ता ऐसे है, जिन पर विभाग का लाखों रुपया बकाया है। विभाग की तरफ से उन्हें बिल भरने के लिए कहा जा चुका है, लेकिन वे बिल नहीं भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब ऐसे डिफाल्टर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के लिए टीम बनाई गई है। एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि बार-बार आग्रह के बावजूद भी बकाया बिजली बिल न भरने वाले बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। सोमवार को करीब 165 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। इस दौरान एसडीओ आसफपुर सौरभ सैनी, जेई मो. मियां कुरैशी, जेई दिनेश कुमार, कमलेश कुमार, संगम, अनिल, उमेश, नवीन, मो. हसिन रजा, ऐजाजउद्दीन आदि उपस्थित रहे।

# रसखान की याद में एक शाम समीर के नाम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 'बदायूँ के रसखान' नाम से मशहूर दातागंज के शायर मरहूम 'शराफत समीर' की याद में बरेली के खुशहाल सभागार में के.टू. स्टूडियो की जानिब से शाम ए समीर का आयोजन किया गया। जिसमें बदायूँ, बरेली, पीलीभीत व शाहजहाँपुर के शायरों ने शिरकत की। कार्यक्रम में शराफत समीर जी के परिवार से उन के बड़े भाई फरहत हुसैन उपस्थित रहे। उन्होंने सभी शायरों को सम्मानित किया। शायरों ने एक से बढ़ कर एक रचनाएं प्रस्तुत कीं। श्रोताओं ने आखिर तक शायरों की हौसला - अफजाई की। कार्यक्रम में सभी शायरों ने शराफत समीर जी के साथ अपने अपने एहसा. सात साझा किए और खूबसूरत शाइरी प्रस्तुत की। फरहत हुसैन ने के टू स्टूडियो को इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया और भाई शराफत समीर की याद में इस तरह के आयोजनों के इस सिलसिले को बरकरार रखने का वादा किया। के.टू. स्टूडियो ने फरहत हुसैन व उनके परिवार को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया और जल्द ही किसी अन्य कार्यक्रम में मुलाकात का वादा करते हुए इस कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। तदोपरांत सभी लोग शराफत समीर जी की यादों को अपने दिलों में संजो कर अपने-अपने घरों की ओर रवाना हुए।

# 17 दिसम्बर को होगी जन सुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उददेश्य एंव महिलाओं की सुगमता के दृष्टिगत महिला आयोग सदस्या अवनी सिंह की अध्यक्षता में जनपद में 17 दिसम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से पी0डब्लू0डी0 गेस्ट हाउस में जन सुनवाई एवं अपरान्ह 01 बजे से ब्लॉक जगत परिसर में जागरुकता चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक विस्तृत जानकारी, योजनाओं से सम्बन्धित साहित्य उपलब्ध कराये जाने के साथ ही पात्रों का सुसंगत योजनाओं में यथासभंव पंजीकरण व उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने, कन्या सुमंगजा योजना से अच्छादित बालिकाओं को लाभदिलाये जाने, जागरुकता चौपाल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। जन सुनवाई एवं जागरुकता चौपाल को सकुशल आयोजन को सम्पन्न कराये जाने हेतु विभिन्न सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

